दीवानी | by Nisha Dwivedi

हो आई जब से मैं खाटू धाम दीवानी मैं तो तेरी हो गई
मुझे दुनिया से अब क्या काम दीवानी मैं तो तेरी हो गई

तेरे नाम की लगन लगी है सुध बुध मैं भूली सारी
सच्चा तेरा द्वार सांवरे झूठी दुनियादारी
मैं तो कहती हूँ आज सरेआम दीवानी मैं तो तेरी हो गई
हो आई जब से मैं खाटू धाम..........

मैंने अपनी जीवन नैया कर दी तेरे हवाले रे
मेरी बंद किस्मत के बाबा खोल दिए सब ताले रे
छाई जीवन में खुशियां तमाम दीवानी मैं तो तेरी हो गई
हो आई जब से मैं खाटू धाम..........

इज़्ज़त देदी शोहरत देदी रख दिया मेरे सिर पे हाथ
यही तमन्ना बाबा तेरा मेरा कभी ना छूटे साथ
सिट्टू सांवरिया जपे तेरा नाम दीवानी मैं तो तेरी हो गई
हो आई जब से मैं खाटू धाम..........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-nisha-dwivedi/